तापमान

अधिकतम 27.9 डिग्री
न्यूनतम 7.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 11 फरवरी 2026

गम का खजाना तेरा भी है, मेरा भी... सुनकर.. 12



टीम वर्क व विषयों की गहरी समझ के कारण... 12



## खबर संक्षेप

### साई में गेम्स के लिए ट्रायल प्रक्रिया आज से

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र शाखा के सहायक निदेशक बाबू राम रावल ने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से कुरुक्षेत्र साई सेंटर में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को तैयार किया जा रहा है। इस साई सेंटर के लिए आवासीय और गैर आवासीय योजना के तहत खाली सीटों पर खिलाड़ियों को रखा जाएगा। यह ट्रायल प्रक्रिया 11 फरवरी से लेकर 13 फरवरी तक चलेगी। साई सेंटर कुरुक्षेत्र में साइकिलिंग, हॉकी व वॉलीबॉल के लिए आवासीय व गैर आवासीय सीटों के लिए ट्रायल 11 से 13 फरवरी को लिए जाएंगे। इसमें हॉकी की दोनों योजनाओं के लिए ट्रायल होंगे।

### केयू ने घोषित किए सात परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा द्वारा 7 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2025 में आयोजित बी.कॉम. पाँचवें सेमेस्टर (री-अपीयर), एम.ए. (दर्शनशास्त्र) तृतीय सेमेस्टर, बी.एड. (विशेष शिक्षा) तृतीय सेमेस्टर, एम.एड. (विशेष शिक्षा) प्रथम सेमेस्टर, एम.एससी. (प्रिंटिंग ग्राफिक्स एवं पैकेजिंग प्रौद्योगिकी) प्रथम सेमेस्टर, शास्त्री पांचवां सेमेस्टर तथा बी.एड. (विशेष शिक्षा) प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

### लूट के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-2 ने मिर्ची पाउडर डालकर चाकू से घायल करके लूट की वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी को काबू कर लिया है। निर्मल विहार के संजीव ने 12 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई कि 11 मई 2025 को प्रीत नगर कॉलोनी के पास आरोपियों ने उस पर मिर्ची पाउडर डाला और चाकू मार कर उससे लगभग 4 लाख रूपये लूट कर फरार हो गए है। सीआईए-2 पुलिस ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसे एक दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी की पहचान शुभम के रूप में हुई।

### अंबाला में धोखाधड़ी करने वाला रिमांड पर

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपये हड़पने वाले आरोपी को नई मुंबई से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मंजीत सिंह के रूप में हुई है। अंबाला शहर के रहने वाले सुलतान सिंह की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 5 लाख रूपये की राशि हड़प ली, न तो उसे विदेश भेजा और न ही उसके पैसे वापिस किए। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को काबू किया है।

### 30 लाख रुपये ठगने वाला गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज विदेश भेजने की धोखाधड़ी करने के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी कप्तान सिंह को गिरफ्तार कर 2 दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी के खिलाफ विदेश भेजने के 13 धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। आरोपी पर अंबाला, कुरूक्षेत्र व पंजाब में धोखाधड़ी के केस दर्ज हैं। परिवादी कर्मबीर सिंह ने 9 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 अगस्त 2023 से 30 जून 2024 के दौरान आरोपी कप्तान सिंह ने उसके पुत्र और पुत्रवधु को विदेश भेजने के मामले में उससे 30 लाख रूपये की ठगी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# स्पीकर ने किया कोहंड में निर्माणाधीन ओवरब्रिज का निरीक्षण

**ग्रामीणों ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष से पुल के साथ फुट ओवरब्रिज की भी मांग रखी**

## दो महीने में काम पूरा होने की उम्मीद

## पुल को दोनों ओर से पिलर्स पर काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने घरौंडा हलका के गांव कोहंड में असंध रोड पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि रेलवे की ओर से अभी कुछ काम बाकी है जो दो महीने में पूरा होने की उम्मीद है। कल्याण के अनुसार ओवरब्रिज बनने के बाद लोगों को यातायात की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

कोहंड गांव में सडक़ के दोनों ओर बसासत है। इसलिए पुल मंजूर कराते समय लोगों की सुविधा के लिए अंडरपास का भी प्रावधान कराया गया। पुल का कार्य शुरू होने के बाद कोरोना काल आरंभ हो गया जिसके कारण निर्माण कार्य अवरूद्ध हुआ। उन्होंने बताया कि उस समय लोगों की सुविधा अनुसार पुल के डिजाइन में भी बदलाव कराना पड़ा क्योंकि कोहंड से गांजबड़-बड़ौली की ओर जाने वाले रास्ते पर मुड़ने के लिए वाहनों को दिक्कत पेश आती थी और गांव भी एक-तरह से दो हिस्सों में बंट गया था। डिजाइन में बदलाव के लिए सरकार से विशेष मंजूरी ली गई। उन्होंने बताया कि इसके बाद पुल को दोनों ओर से पिलर्स पर काम शुरू किया गया। रेलवे द्वारा किए जाने वाले कार्य के लिए दोबारा टेंडर आमंत्रित किए गए। इन सब कारणों से इसके निर्माण में देरी हुई। अब कार्य अंतिम चरण में है। रेलवे लाईन के ऊपर का हिस्सा रेलवे द्वारा बनवाया जा रहा है। हरियाणा के पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा अपने हिस्से का काम पूरा कर लिया गया है। उम्मीद है कि जल्दी ही पुल जनता को समर्पित हो जाएगा। इसके बाद लोगों को काफी राहत मिलेगी। अंडरपास से कोहंड के लोगों को फायदा होगा।

कल्याण के अनुसार निरीक्षण के दौरान सब कार्य व्यवस्थित रूप से पाए गए। फिर भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि लोगों की सुविधा के लिए यदि और कार्य जोड़ा जा सकता है तो उस पर भी गौर करें। उन्होंने कोहंड के लोगों द्वारा लंबे समय तक संयम बरतने की सराहना की। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में विकास कार्यों को आगे बढ़ाते रहेंगे। लोगों की जरूरतों को पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। घरौंडा हलका लगातार विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने लोगों की खुशहाली की कामना की।

### 51 करोड़ खर्च किए जा चुके

इस पुल पर पीडब्ल्यूडी द्वारा करीब 37 करोड़ और रेलवे द्वारा 14 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की जा चुकी है। आज ग्रामीणों ने स्पीकर से पुल के साथ फुट ओवरब्रिज की भी मांग की। इस पर उन्होंने एसडीएम राजेश सोनी को फिजिबिलिटी जांच कर उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता संदीप और रेलवे के सौरभ भी मौजूद रहे।

## कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने दर्जनों गांवों का दौरा कर केंद्रीय बजट पर की चर्चा

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य

**गांवों में पहुंचने पर का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया**

*कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा किसान चौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत गांव गुमथला, संधाला, नाहरपुर, कमालपुर, बीच का माजरा, करहेड़ा, कांसापुर, फरकपुर व अन्य गांवों में पहुंचे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंगलवार को रादौर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान मंत्री ने गत दिनों देश की वितमंत्री द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट को लेकर चर्चा की। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचने पर लोगों ने कैबिनेट मंत्री का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

मंगलवार को कैबिनेट मंत्री किसान चौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत गांव गुमथला, संधाला, नाहरपुर, कमालपुर, बीच का माजरा, करहेड़ा, कांसापुर, फरकपुर व अन्य गांवों में पहुंचे। मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि देश की वित्त मंत्री ने गत दिनों जो केन्द्रीय बजट पेश किया है। उसमें खासकर कृषि प्रणाली को मजबूत एवं बेहतर बनाने पर लाखों करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। इस बजट में हर वर्ग के हित को ध्यान में रखा गया है और अवश्य ही इस बजट से देश में विकास होगा। केंद्रीय बजट में कृषि के लिए लाखों करोड़ रुपये की रखी गई। राशि से किसानों को उनकी फसलों के अच्छे भाव, कृषि यंत्रों पर सब्सिडी तथा किसानों के लिए बेहतर योजनाएं बनाई जाएगी। केंद्र व प्रदेश की सरकार का लक्ष्य प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना है।



**यमुनानगर।** रादौर विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

■ हमारा देश लोकतांत्रिक देश है और हर देश की विदेश नीति होती : राणा

### मनरेगा योजना को विकसित भारत के साथ जोड़ा

कृषि मंत्री ने कहा कि मनरेगा योजना को विकसित भारत के साथ जोड़ा गया है और अब इस योजना का विस्तार विकसित भारत जी राम जी योजना का नाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि मनरेगा योजना के तहत पहले केवल 100 दिन का रोजगार उपलब्ध करवाया जाता था लेकिन विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत 125 दिन का रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा देश लोकतांत्रिक देश है और हर देश की विदेश नीति होती है। हमारी विदेश नीति मजबूत हाथों में है तथा देश की कार्यप्रणाली संविधान के अनुसार चलती है। राणा ने कहा कि भाजपा संगठित पार्टी है और जो पार्टी संगठित होती है। संगठित पार्टी ही विकास पथ पर आगे बढ़ती है।

### ये रहे मौजूद

प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन युवा है और अवश्य ही उनके मार्गदर्शन में भाजपा आगे बढ़ेगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, तहसीलदार रादौर अशोक कुमार, महामंत्री सचिन, मंडल अध्यक्ष संध्या रावत, गुमथला सरपंच प्रवीण कुमार, संधाला सरपंच सतीश कुमार व नाहरपुर सरपंच आसमा आदि मौजूद थे।

**एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम की कार्रवाई**

## ट्रैक्टर ट्राली चुराने वाले तीन युवकों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने गांव कलानौर अंडर पास से ट्रैक्टर-ट्राली चुराने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों ने चोरी की गई ट्रैक्टर-ट्राली बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक चोरी की ट्रैक्टर ट्राली लेकर कलानौर अंडर पास होते हुए उत्तर प्रदेश की तरफ जाने वाला है। इस सूचना के आधार पर एएसआई अनिल हुसन, मुख्य सिपाही संदीप, रविंदर व योगेश के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की गई। नाकाबंदी के दौरान कुछ समय बाद एक युवक ट्रैक्टर ट्राली पर आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोककर जांच की तो ट्रैक्टर ट्राली के दस्तावेज संदिग्ध पाए गए। गहन पूछताछ करने पर उक्त ट्रैक्टर ट्राली चोरी की निकली। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान जिला सहारनपुर के गांव भोजपुर नजदीक बड़ी मस्जिद निवासी सरफराज उर्फ कालू के रूप में हुई।




**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल द्वारा पकड़े गए चोर।

■ आरोपियों से चोरी की ट्रैक्टर ट्राली बरामद

### न्यायिक हिरासत में भेजा

आरोपी ने स्वीकार किया कि यह ट्रैक्टर ट्राली अपने ही गांव भोजपुर के दो अन्य साथियों सुहेल तथा राजिक के साथ मिलकर पांच फरवरी को पांसरा फाटक के नजदीक से चोरी की थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उपरोक्त दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**15 बच्चों को जांच के लिए पीजीआईएमईआर भेजा**

## चार बच्चों के परिजनों को जांच के बाद हार्ट सर्जरी करवाने की सलाह

**अंबाला।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. बलजिंद्र सिंह ने बताया कि बच्चों के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत राज्य मुख्यालय, पंचकूला की पहल पर पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में हृदय रोग से संबंधित ईको कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस कैंप के अंतर्गत जिले से कुल 15 बच्चों को आरबीएसके वाहनों के माध्यम से पीजीआईएमईआर भेजा गया। वहां सभी बच्चों का प्राथमिकता के आधार पर उपचार एवं जांच की गई। चिकित्सकीय परीक्षण के उपरांत कुछ बच्चों को पुनः फॉलो-अप की सलाह दी गई जबकि 4 बच्चों को जीवन-रक्षक हृदय शल्य चिकित्सा (हार्ट सर्जरी) के लिए शीघ्र ऑपरेशन की सलाह दी गई। पीजीआईएमईआर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में जहां सामान्यतः ओपीडी में लंबी कतारें एवं जांचों के लिए प्रतीक्षा अवधि अधिक रहती है वहां इस पहल के अंतर्गत सभी परामर्श एवं जांचें एक ही दिन में बिना किसी विलंब के पूरी की गईं। सभी अभिभावकों ने समयबद्ध एवं सुचारू उपचार से अत्यंत संतोष व्यक्त किया। इस व्यवस्था के लिए राज्य मुख्यालय तथा आरबीएसके टीम के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। अभिभावकों ने इस मानवीय एवं सराहनीय पहल के लिए स्वास्थ्य विभाग का हार्दिक धन्यवाद किया। यह पहल बच्चों में जन्मजात हृदय रोगों की समय पर पहचान एवं उपचार की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



**अंबाला।** बीमार बच्चों के परिजनों से बातचीत करते चिकित्सक।

## 600 अल्प्राजोलम नशीली गोलियों के मामले में दूसरा आरोपी पकड़ा

**करनाल।** पुलिस की सीआईए-2 ने नशीली गोलियों के मामले में दूसरे आरोपी को भी काबू किया है। सीआईए 2 इंचार्ज निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक राम निवास की अध्यक्षता में आरोपी सलमान अली निवासी गांव सद्ध बडोली शामली,उप्र गिरफ्तार किया गया। जांच अधिकारी ने बताया कि उक्त मामले में पहले आरोपी अजय निवासी गांव सोकड़ा,करनाल को तरावड़ी के एरिया से काबू किया गया। उसके कब्जे से 600 अल्प्राजोलम नशीली गोलिया बरामद की गई। जिसके विरुद्ध थाना तरावड़ी में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया था। आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह इन नशीली गोलियों को उसके अन्य साथी सलमान अली से खरीदकर बचने के लिए लाया था। जिसे टीम ने काबू किया गया। गहन पूछताछ कर नशे के इस कारोबार में संलिप्त आरोपी के अन्य साथियों की संलिप्ता के बारे में मामले की जांच जारी है।



**करनाल।** पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।


## बूडिया में खेड़े मंदिर का दान पात्र तोड़कर 15 हजार चोरी

**यमुनानगर।** कस्बा बूडिया में चोरों ने खेड़े मंदिर का दान पत्र तोड़कर 15 हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बूडिया निवासी मानिक सिंघला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव में ही खेड़ा मंदिर है। जहां पर दान पत्र लगा हुआ है। चोरों ने नौ फरवरी की रात को खेड़े मंदिर का दान पत्र तोड़कर उसमें से दान राशि चोरी कर ली। सुबह जब श्रद्धालु मंदिर में माथा टेकने के लिए पहुंचे तो उन्हें दान पात्र टूटा हुआ मिला। अंदर से पैसे गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया

### श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय को मिले 23 नए सहायक प्रोफेसर

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद पहली बार आयुर्वेद के 13 विषयों में 23 सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति की गई है। सोमवार को हुई कार्यकारी परिषद की 18वीं बैठक में सहायक प्रोफेसर पदों की नियुक्ति से संबंधित लिफाफे खोले गए। इसके साथ ही पंचकर्म विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. ममता राणा को पदोन्नत कर एसोसिएट प्रोफेसर बनाया गया है। आयुष विश्वविद्यालय द्वारा आयुर्वेद के 14 विषयों में एक एसोसिएट प्रोफेसर सहित सहायक प्रोफेसर के कुल 37 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत 23 पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। नवनियुक्त सहायक प्रोफेसरों ने विश्वविद्यालय में जॉइनिंग प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि विश्वविद्यालय में योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों और विशेषज्ञों की नियुक्ति से आयुर्वेद की शिक्षा और शोध को नई मजबूती मिलेगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि सहायक प्रोफेसरों और विशेषज्ञों की नियुक्ति से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं शोध गतिविधियों को नई गति मिलेगी।



**राज्य स्तरीय चित्रकला स्पर्धा आयोजित**

## कुवि का ललित कला विभाग अव्वल रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राजकीय महिला महाविद्यालय, करनाल में उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के तत्वावधान में हरियाणा राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता रंग कलश-2026 का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय महिला महाविद्यालय करनाल की आकांक्षा ने द्वितीय स्थान तथा पंडित चिरंजी लाल राजकीय महाविद्यालय करनाल की जन्नत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं राजकीय महिला महाविद्यालय करनाल की अंजलि को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेताओं को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रख्यात कलाकारों डॉ. एस. के. कुशवाहा, डॉ. जीवन सिंह, डॉ. भीम सिंह, डॉ. राम विरंजन तथा प्रसिद्ध कलाकार लक्ष्मण कुमार द्वारा किया गया सजीव चित्रांकन रहा, जिसने विद्यार्थियों को प्रेरित किया और महाविद्यालय परिसर को रचनात्मक ऊर्जा से भर दिया। प्रतियोगिता का आयोजन पुरुष एवं महिला वर्ग में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के निदेशक एस. नारायणन रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपक संधू, नोडल अधिकारी, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक रंगा ने की।

## जगाधरी में वाहन की टक्कर लगने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी के साईं धर्म कांटा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जगाधरी की मोहनलाल गली निवासी हरिओम शर्मा ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता का 70 वर्षीय घनश्याम सहाय नौ फरवरी को शाम चार बजे किसी काम से जा रहा था। जब वह साईं धर्म कांटा के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसके पिता को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने उसके पिता घनश्याम सहाय को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलती ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ हादसे के बाद आरोपी अज्ञात वाहन चालक फरार

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री के विचारों को सुना

**रादौर।** शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल, झीवरहेड़ी में मंगलवार को प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आयोजित किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने सीधे प्रसारण के माध्यम से प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करना और आत्मविश्वास बढ़ाना था। प्रधानमंत्री ने छात्रों को सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन और संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन बलवंत सिंह व प्रिंसिपल रूही रानी ने बताया कि प्रधानमंत्री का सीधा प्रसारण विद्यार्थियों के लिए संजीवनी का काम करेगा। परीक्षा के दिनो में विद्यार्थी तनाव में होते है। जिससे वे अच्छा परिणाम नहीं दे पाते।

### गधौली कॉलोनी में विकसित होगी ग्रीन बेल्ट : बहमनी

# नगर निगम मेयर ने शहर में चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण

*लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 स्थित गधौली कॉलोनी में सौंदर्यीकरण और पर्यावरण संरक्षण को लेकर ग्रीन बेल्ट विकसित की जाएगी।

उक्त जानकारी नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने मंगलवार को शहर के वार्ड नंबर ग्यारह स्थित गधौली, दड़वा, दड़वा माजरी, हनुमान कॉलोनी, चिट्टा मंदिर व शांति कॉलोनी में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनी और अधिकारियों को समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निगम की मेयर ने सबसे पहले गधौली कॉलोनी में वाल्मीकि धर्मशाला के नवीनीकरण का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने दड़वा, दड़वा माजरी, हनुमान कॉलोनी, चिट्टा मंदिर व शांति कॉलोनियों में निर्माणाधीन सड़क, गलियों, नालियों व अन्य विकास कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के सख्त निर्देश दिए। मेयर ने पूरे हो चुके विकास कार्यों का भी जायजा लिया। गधौली में कुछ स्थानों के सौंदर्यीकरण और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए ग्रीन बेल्ट विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कॉलोनियों में हरित क्षेत्र विकसित होने से न केवल वातावरण स्वच्छ रहेगा। बल्कि लोगों को सुबह शाम घूमने के लिए भी बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों से शीघ्र कार्य योजना तैयार करने को कहा।



यमुनानगर। गधौली कालोनी में विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए मेयर सुमन बहमनी।

#### निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखें

मेयर ने कहा कि वार्ड स्तर पर विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग बेहद जरूरी है। ताकि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनी रहे और समय पर कार्य पूरे किए जा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निर्माण कार्यों में मानकों का पूरा पालन सुनिश्चित किया जाए।



रादौर। स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## धार्मिक कार्यक्रम में बच्चों को पढ़ाई हनुमान चालीसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

महाराजा अग्रसेन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, गुमथला राव में मंगलवार को धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत बच्चों को हनुमान चालीसा पढ़ाई गई। मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. सुदेश बंसल मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि हनुमान चालीसा विद्यालय में प्रत्येक मंगलवार को करवाई जाती है, ताकि बच्चे शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी विद्यालय में सीख सके। क्योंकि हनुमान चालीसा का पाठ करने से आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। नकारात्मक ऊर्जा दूर होकर सकारात्मक ऊर्जा में वृद्धि करती है। भय और विकार को भी दूर करती है। प्रधानाचार्य ने बताया कि बच्चे जैसा माहौल देखते हैं वैसा ही वह करते हैं। उन्होंने बच्चों को कहा कि विद्यालय में ही नहीं आप प्रत्येक मंगलवार को अपने घर पर भी हनुमान चालीसा का पाठ कर सकते हो। इससे बच्चे अपनी शिक्षा में आ रही दुविधा को भी दूर कर सकते हैं। इस अवसर पर नाजुक अग्रवाल, विशा कंबोज, अरुण, निशा सलूजा, खुशबू मेहता, मनीष राणा, सोनी, रजनीश, नीलम आदि मौजूद रहे।

## असामाजिक तत्वों के बहकावे में आकर जीवन ना करें बर्बाद:गोयल

- जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने आमजन से की अपने बच्चों की दिनचर्या पर नजर रखने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



- बदमाश भोले भाले युवाओं को जाल में फसा रहे

जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने आमजन को असामाजिक तत्वों के बहकावे में नहीं आने के लिए आह्वान किया है। उन्होंने मंगलवार को बातचीत करते हुए उक्त जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि असामाजिक तत्वों के बहकावे में आकर अपने बच्चों को गलत राह पर जाने से बचाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कुछ अपराधी विदेशों में बैठकर यहां के भोले भाले युवकों को बहला फुसलाकर या लालच देकर गंभीर अपराधों में शामिल करवा रहे हैं। ऐसे युवक बाद में अपराध की दलदल में फंसकर अपना जीवन बर्बाद कर बैठते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों में जिला यमुनानगर, अंबाला व कुरुक्षेत्र सहित अन्य शहरों में कई जघन्य अपराध सामने आए हैं। इन वारदातों में यमुनानगर जिले के कुछ युवक भी शामिल पाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि इन वारदातों के पीछे विदेश में बैठे अपराधियों का हाथ हैं। यह बदमाश स्वयं सुरक्षित रहकर यहां के भोले भाले युवाओं को अपने जाल में फंसाते हैं और उन्हें किसी भी वारदात को अंजाम देने के लिए तैयार कर देते हैं।

#### दिया जा रहा लालच

उन्होंने बताया कि असामाजिक तत्व लगातार सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों के जरिए युवाओं को टारगेट करते हैं। कभी पैसों का लालच देकर तो कभी दोस्ती और दिखावटी मदद का भरोसा दिलाकर उन्हें बहकाते हैं। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने अभिभावकों से अपने बच्चों की दिनचर्या पर पैनी नजर रखने व उनका सही मार्ग दर्शन करने की अपील की।

*मुकंद लाल नेशनल कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन*

## आसन को अपनी दिनचर्या में करें शामिल : नीरज



**रादौर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में मंगलवार को योग विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में आयुष विभाग यमुनानगर से नीरज देवी मुख्य रूप से उपस्थित रही। इस दौरान विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार व अन्य आसन करवाए गए। नीरज देवी ने कहा कि प्रतिदिन सूर्य नमस्कार व अन्य आसन करने से शरीर स्वस्थ रहता है। सभी को प्रतिदिन अपनी दिनचर्या में आसन जरूर करने चाहिए। जिससे वह बीमारियों से बचे रह सकें। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह ने बताया कि योग का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। योग हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों की देन है। योग हमारे शरीर के लिए एक औषधि का काम करता है। योग हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है और हमारे मन को शांति प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को योग को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रो. पिंकी रानी, प्रो. बंटी कुमार, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

## समाधान शिविर में छह शिकायतें आई

*नगराधीश ने दिए तुरंत समाधान के निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगराधीश पीयूष गुप्ता ने लोगों की शिकायतें सुनी। शिविर में समाधान के लिए छह शिकायतें पहुंची। नगराधीश ने शिकायत लेकर पहुंचे लोगों को उनकी शिकायतों का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया नगराधीश ने बताया कि समाधान शिविर में पहुंची शिकायतों में गोविंदपुरा यमुनानगर निवासी मान सिंह ने नालों की सफाई करवाने बारे, यमुनानगर निवासी सचिन ने बिजली के बिल बारे, वार्ड नंबर चार बूडिया निवासी मोहम्मद सलीम ने नजदीक काले बाबा के मंदिर वाली गली, बूडिया में सीवर के गंदे पानी व बरसाती पानी के घर व खेत में से निकासी करवाने बारे दी। इसके साथ ही मुंडा माजरा यमुनानगर निवासी सध्या देवी ने फैमिली आईडी में आय कम करवाने बारे, गांव अलाहर निवासी कांता देवी ने परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने बारे व भगवानगढ निवासी छोटे लाल कुमार ने प्रॉपर्टी आईडी बनवाने बारे समस्याएं रखी। उन्होंने कहा कि जल्द समस्याओं का समाधान करवा दिया जाएगा।



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते नगराधीश। फोटो : हरिभूमि

#### 10 से 12 बजे तक लगतें हैं शिविर

नगराधीश ने बताया कि अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। इस अवसर पर डीआईओ विनय गुलाटी, समाधान शिविर के विशेष सदस्य भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह राणा व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

*मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया*

## स्वराज शिशु निकेतन स्कूल में मनाया ग्रैंड पेरेंट्स डे





**रादौर।** स्वराज शिशु निकेतन स्कूल में मंगलवार को ग्रैंड पेरेंट्स डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम में दादा-दादी व नाना-नानी के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं खेलों का आयोजन किया गया। छात्रों द्वारा स्वागत गीत, ओल्ड इज गोल्ड, माता-पिता को समर्पित नृत्य, योगा, एकल नृत्य, कविता, दादा-दादी की सीख एवं कार्यक्रम में मनमोहक गिद्दा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुकंद विद्यालयों की निर्देशिका शशि बाठला ने कहा कि आज के समय में दादा-दादी व नाना-नानी बच्चों में जो संस्कार रोपते हैं। उन्हें शिष्टाचार, दया, करुणा सिखाते हैं। आगे चलकर उन्ही से वह सफल एवं संस्कारी नागरिक बनते हैं और देश का नाम रोशन करते हैं। मौके पर मुख्य अध्यापिका रेनू शांडिल्य, डॉ. अजय शर्मा, प्रमोद ग्रोवर आदि मौजूद रहे।

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश का किया स्वागत

- बार रूम में हुआ स्वागत व सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला बार एसोसिएशन जगाधरी द्वारा बार रूम स्वागत व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिला न्यायालय परिसर जगाधरी में नव पदस्थापित जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. दयानंद भारद्वाज का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट विक्रांत सिंह चौहान ने की।

बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट विक्रांत सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में सबसे पहले जिला न्यायालय में आए नए जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. दयानंद भारद्वाज का अधिवक्ता अनिल अग्रवाल, अजय शांडिल्य, राम कुमार रादौरी व कंवर भान मेहता आदि ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। मौके पर अधिवक्ता एवं एसोसिएशन के प्रधान अधिवक्ता विक्रांत चौहान ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. दयानंद भारद्वाज के समृद्ध न्यायिक जीवन, व्यापक अनुभव एवं उनकी कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उनके कुशल नेतृत्व में जिला न्यायालय यमुनानगर न्यायिक दक्षता, पारदर्शिता एवं जनविश्वास के नए मानदंड स्थापित करेगा। मंच संचालन जिला बार एसो. के महासचिव विशाल गर्ग ने किया।



यमुनानगर। बार भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. दयानंद भारद्वार का स्वागत करते हुए एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संयुक्त सचिव शुभम गौतम, धर्मेंद्र शर्मा, जगदीप मलिक, सुमित गुप्ता, सौरभ बंसल, गोपाल कांबोज, मुकेश सहगल, प्रदीप वालिया, बृजेश चौहान, पीयूष रोहिल्ला, अजय मेहता, पंकज शर्मा व राजेश धीमान आदि मौजूद रहे।

## पूर्व विस. प्रत्याशी ने सुनीं समस्याएं

- पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जिले के गांव शहजादपुर समेत आधा दर्जन गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया और उनकी समस्याएं सुनी।

कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी समेत अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं का शहजादपुर समेत अन्य गांव में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा गरीबों के पीले राशन काट दिए गए हैं और बुजुर्गों की बुढ़ापा पैंशन काटी जा रही है। जिससे बुजुर्ग व गरीब वर्ग परेशान है। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा बुजुर्गों की बुढ़ापा पैंशन काटे जाना और गरीबों के पीले राशन कार्ड काटे जाना काफी निंदनीय कार्य है। रमन त्यागी ने कहा कि प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी। तब सभी वर्ग खुशहाल थे। मगर जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है। तब से लोग परेशान हैं। अब रही सही कमी सरकार ने बुजुर्गों की पैंशन काटकर पूरी कर दी है। त्यागी ने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण आम जनता परेशान है।



यमुनानगर। गांव शहजादपुर में पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए ग्रामीण।

#### ये रहे मौजूद

मौके पर सुरेंद्र, रमेश, साधुराम, मदन, काशीराम, विजयपाल व गुरचरण आदि मौजूद थे।

## अनुसंधान तकनीकों पर की चर्चा

- डॉ. ऋतु तिवारी ने हर्बल औषधियों के मानकीकरण की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी की ओर से मंगलवार को हर्बल ड्रग रिसर्च में मेटाबोलोमिक्स विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. ऋतु तिवारी वैज्ञानिक अधिकारी ऋतु तिवारी मौजूद रही। डॉ. ऋतु तिवारी ने हर्बल औषधियों के मानकीकरण, प्रमाणीकरण वैलिडेशन एवं गुणवत्ता मूल्यांकन में मेटाबोलोमिक्स की उभरती भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने इंडियन फार्माकोपिया कमीशन की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने वैलिडेशन प्रक्रियाओं, पीडीजी एवं पीपीआई मोनोग्राफ्स तथा उनकी हर्बल औषधीय उत्पादों की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं प्रभावकारिता सुनिश्चित करने में महत्ता को रेखांकित किया। इस दौरान डॉ. तिवारी ने आधुनिक विश्लेषणात्मक एवं अनुसंधान तकनीकों जैसे टार्गेटेड मेटाबोलाइट एनालिसिस, एचपीटीएलसी आधारित एनरिचमेंट तकनीक तथा एनएमआर प्रोफाइलिंग पर भी चर्चा की। उन्होंने बाताया कि किस प्रकार ये तकनीकें समकालीन हर्बल ड्रग रिसर्च में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुसंधान के नए अवसरों और नवाचार आधारित दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की।



रादौर। स्थित ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

#### मिलेगी प्रेरणा

डॉ. ऋतु तिवारी ने कहा कि इंडियन फार्माकोपिया कमीशन जैसी राष्टीय नियामक संस्थाओं से जुड़ी जानकारी विद्यार्थियों को फार्मास्यूटिकल ज्ञान के व्यावहारिक उपयोग को समझने में मदद करती है तथा उन्हें गुणवत्ता आधारित और नवाचार प्रेरित अनुसंधान की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के तहत रादौर में हुआ हिंदू एकता सम्मेलन

## हिंदूस्तान में जातियां तो मिलती हैं पर हिंदू नहीं मिलता : रमेश धारीवाल

*हिंदुओं को जगाने के लिए आयोजित किए जा रहे हिंदू सम्मेलन : धारीवाल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के तहत रादौर के सफल पैलेस में हिंदू एकता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सैंकड़ों महिलाएं कलश यात्रा के साथ पहुंची। कार्यक्रम का शुभारंभ संतो द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघचालक जगाधरी रमेश धारीवाल ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया।

वहीं, महंत यमुनागिरी शास्त्री, बाबा सीताराम, अजन्मानंद महाराज, सरदार प्रमोद सिंह, स्वामी बलबीर प्रेमी बाबा, पंडित सुरेश शुक्ला आदि विशेष अतिथि के रुप में मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता अंबाला विभाग कार्यकारिणी सदस्य मानसिंह आर्य ने की। मंच का संचालन धनपत सैनी व डॉ. राजेश कांबोज ने किया। मुख्य वक्ता रमेश धारीवाल ने कहा कि हिंदू समाज के लोग जातियों में बंट गए है। जिस कारण हिंदूस्तान में जातियां तो मिलती है पर हिंदू नहीं मिलता। यही कारण है कि आज हिंदुओं को जगाने के लिए इस प्रकार के हिंदू सम्मेलन आयोजित करने पड़ रहे है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आज समाज व हिंदुओं को इकट्ठा करने की लड़ाई लड़ रहा है।

हिंदुओं में आत्मविश्वास पैदा हो इसके लिए यह सम्मेलन आयोजित किए जा रहे है। ताकि हम सब गर्व से कह सके कि हम हिंदू है। हिंदू दुनिया का सबसे उदार मानव है। सभी संस्कृतियों को सम्मान देने वाला है। वह सारी धरा को अपना परिवार मानता है। हिंदू प्रकृति का शोषण नहीं दोहन करता है। उसकी पूजा करता है। इसलिए धरती व गाय को वह माता कहता है। हिंदू होना गर्व की बात है।



यमुनानगर। रादौर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यवक्ता।

#### नेतृत्व की जरूरत

रमेश धारीवाल ने मातृशक्ति से आह्वान करते हुए कहा कि आज हमारे समाज को जीजाबाई जैसे व्यक्तित्व की जरूरत है। अहिल्याबाई होल्कर व झांसी की रानी जैसे नेतृत्व की आवश्यकता है। धर्म संस्कृति व राष्ट्र के बारे में हमे अपने बच्चों को बताना होगा। उन्होंने कहा कि हिंदू जगे तो राष्ट्र जगेगा और पूरा विश्व जगेगा। इसलिए यह सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं।

#### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर खंड संघ चालक प्रदीप चौधरी, चेयरमैन धर्म सिंह बंचल, नेपाल राणा, चेयरमैन रजनीश मेहता, चेयरमैन विपिन राझेड़ी व विरेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।*

## खबर संक्षेप

### डिजिटल अरेस्ट नामक कोई चीज नहीं : नरेश



**कुरुक्षेत्र।** जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस के साझा प्रयास से उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के मार्ग दर्शन में भगवान परशुराम कॉलेज में चल रहे यूथ रेडक्रॉस कैंप के दूसरे दिन कार्यक्रम का आयोजन कर महत्वपूर्ण जानकारी दी। पुलिस विभाग से नरेश कुमार ने साइबर क्राइम पर विस्तार से बताया और कहा कि मोबाइल के गलत इस्तेमाल से हम बहुत कुछ गंवा सकते है, जिसमें आप की नेक कमाई भी शामिल है। उन्होंने कहा कि डिजिटल अरेस्ट नामक कोई चीज नहीं होती, इसलिए कोई भी कॉल आती है डरने ओर घबराने की जरूरत नहीं है।

### रोस्ट्रम प्रतियोगिता में सिमरन रही प्रथम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में अर्थशास्त्र विभाग में रोस्ट्रम प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्रों की सहभागिता अत्यंत सराहनीय रही और सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने विचार प्रभावशाली एवं तार्किक ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में एम.ए. अर्थशास्त्र अंतिम वर्ष की छात्रा सिमरन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### महाशिवरात्रि पर रूद्राभिषेक से होती हैं मनोकामना पूर्ण

**पिहोवा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर शहर में इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का दिव्य वातावरण बना हुआ है। समाजसेवी मयंक शर्मा अपने परिवार सहित 11 विद्वान ब्राह्मणों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ माह रूद्र यज्ञ एवं माह रूद्र अभिषेक का आयोजन करवा रहे हैं। वेद मंत्रों की गूंज, हवन की पावन अग्नि और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर है। मयंक शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि आत्मशुद्धि, संयम और शिव भक्ति का पर्व है।

### विद्यार्थियों ने शब्द गायन की दी प्रस्तुति

**कुरुक्षेत्र।** सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र, शीला नगर के गायन विभाग के विद्यार्थियों ने श्रीश्री 108 बाबा संतदास जी की पावन स्मृति में आयोजित 69वें सालाना संत समागम 2026 में शब्द गायन की सुंदर प्रस्तुति दी। यह तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन 8 फरवरी से 10 फरवरी 2026 तक गुरुद्वारा लायलपुरिया, कुरुक्षेत्र में संपन्न हुआ। 9 फरवरी की रात्रि को आयोजित सत्संग एवं कीर्तन में केंद्र के विद्यार्थियों ने शब्द कीर्तन की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों द्वारा गाया गया शब्द अपनी मेहर कर, अपनी मेहर कर.. ने उपस्थित संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। सत्युग दर्शन संगीत कला केंद्र पिछले कई वर्षों से संगीत की सेवा में निरंतर कार्यरत है। इस प्रकार की प्रस्तुतियाँ विद्यार्थियों को अच्छे संस्कारों से परिचित कराती हैं।

## कुंटिया कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक में लिया निर्णय

# मांगों के लिए 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेंगे कुंटिया कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुंटिया के कार्यकर्ताओं की बैठक कुंटिया कार्यालय में प्रधान राजवंत कौर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कुंटिया के प्रैस सचिव जगदीप सिंह ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया कि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व आल हरियाणा यूनिर्वसिटीज इंम्पालईज फैडरेशन के निर्णय अनुसार 12 फरवरी 2026 को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारी एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हडताल में भाग लेगें। कुंटिया प्रधान राजवंत कौर सक्रिय कार्यकतार्ओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती व कर्मचारियों की जायज मांगों के लिए सभी कर्मचारी हडताल में बढ़-चढ़ कर भाग लें व हडताल को कामयाब बनाए। कुंटिया महासचिव रविन्द्र तोमर ने बताया कि बैठक में विशेष तौर पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य के पूर्व प्रधान धर्मवीर फौगाट व पूर्व राज्य महासचिव नरेश कुमार ने भाग लिया और कर्मचारियों को हडताल के सभी मांग व मुद्दों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। धर्मबीर फौगाट ने कहा कि हडताल की मुख्य मांगों जिसमें कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन को लागू करने, कैशलैश मेडिकल की सुविधा, समान काम समान वेतन, समयबद्ध पदोन्नति, आठवें वेतन आयोग को समय पर लागू करना, नीजिकरण, आउटसोर्सिंग ठेका प्रथा को बंद करके स्थाई व नियमित भर्ती करना आदि कर्मचारियों व मजदूरों की मांगों को शामिल किया गया है। कुंटिया के पूर्व प्रधान नीलकंठ शर्मा, पूर्व प्रधान राम कुमार, पूर्व महासचिव भारत भूषण ने भी कुंटिया कार्यकारिणी को आश्वासन दिया क़ि हड़ताल को सफल बनाने में पूर्ण रूप से सहयोग दिया जायेगा और सभी कर्मचारियों को हडताल के प्रति जागरूक किया जाएगा।





**कुरुक्षेत्र।** मैस कर्मचारियों से हड़ताल को सफल बनाने की अपील करते यूनियन के पदाधिकारी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर वरिष्ठ उप-प्रधान चन्द्रपाल, उप-प्रधान राकेश कुमार, सह-सचिव मनीष बाल्दा, प्रैस सचिव जगदीप सिंह, कैशियर विकास कांतिवाल और कार्यकारिणी सदस्य प्रताप राम, संतोष कुमार, विकास हांसी, शीश पाल, कर्मबीर शर्मा, सत्यवान, राम पूजन, पूर्व महासचिव यशपाल सैनी, कैलाश शर्मा, अनिल लोहट, पूर्व प्रैस सचिव अमित भुक्कल, पूर्व कैशियर अर्जुन सिंह, डा. अनिल भुक्कल, पूर्व सह-सचिव रूपेश खन्ना, सूरज, रणजीत सिंह, संदीप हुड्डा, जोगी राम, जगदीश खनौदा, तेजा मैहला, नरेश, हरि सिंह, लक्ष्मण, महीपाल, मनोज आदि उपस्थित रहें।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान

कुरुक्षेत्र। होस्टल मैस वर्कर यूनियन के पदाधिकारियों ने 12 फरवरी राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर सभी मैसो का दौरा किया। सभी मैस कर्मचारियों से अपील की है कि हड़ताल को सफल बनाएं। होस्टल मैस वर्कर यूनियन के प्रधान सुभाष पारचा ने कहा कि सरकार की गलत नीतियां कर्मचारी और मजदूर विरोधी नितियों के खिलाफ यह हड़ताल है। कर्मचारीयों की उम्र खत्म हो रही काम करते हुए लेकिन सरकार और प्रशासन का मजदूरों और कर्मचारियों की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मैस कर्मचारियों को 2010 मे लेबर कोर्ट अम्बाला ने मैस कर्मचारियों को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का कर्मचारी घोषित कर दिया है। फिर लेबर कोर्ट अम्बाला ने 2017 में मैस कर्मचारियों के पक्ष फैसला किया है और 9 जुलाई 2025 में हाईकोर्ट ने मैस कर्मचारियों के पक्ष फैसला किया है लेकिन हरियाणा सरकार और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन ने आज तक मैस कर्मचारियों न्यूनतम वेतन तक लागू नहीं किया। नए मैस कर्मचारियों को केवल 7000 रुपये वेतन दिया जा रहा है। उनके साथ यूनियन के महासचिव कृष्ण चंद सैनी, सहसचिव उमाशंकर, कोषाध्यक्ष अमन कुमार दुग्गल आदि मौजूद रहे।

## भू-माफिया पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर उपायुक्त से मिले विधायक अरोड़ा

# सरकारी जमीन पर रास्ता बनाने का आरोप



**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों बातचीत करते विधायक अशोक अरोड़ा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भू-माफिया के कुरुक्षेत्र में इतने हौंसले बुलंद हैं कि सरकारी जमीन पर रास्ता बनाकर दो एकड़ जमीन में कमर्शियल साईट काट दी। इसको लेकर थानेसर विधायक व पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने उपायुक्त से मिलकर भू-माफिया पर कार्रवाई की मांग की है। केडीबी रोड़ स्थित अपने प्रतिष्ठान पर विधायक अशोक अरोड़ा ने पत्रकार वार्ता कर कहा कि कुरुक्षेत्र में सरकार की शह पर भू-माफिया के हौंसले बुलंद हैं। हद तो तब हो गई जब कुरुक्षेत्र में नये बस अड्डे से आगे पिपली मार्ग पर सरकारी जमीन पर ही निजी रास्ता बना दिया गया। उन्होंने कहा कि जिस जमीन पर रास्ता बनाया गया है, उस एक एकड़ जमीन को रतगल के निरंजन सिंह से लेकर सरकार ने 1988 में अधिग्रहण किया था। इसके बाद उन्होने सुप्रीम कोर्ट में याचिका डाली और वे हार गए। इसके बाद उन्होने माननीय सुप्रीम कोर्ट में पुर्नविचार याचिका डाली, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने 8 अग्रस्त 2023 को खारिज कर दिया। माननीय अदालत ने आर्डर में पुर्नविचार याचिका को रद्द करने की बात स्पष्ट रूप से लिखी है। लेकिन भू माफिया ने इस जमीन से रास्ता बनाकर इसके पीछे दो एकड़ जमीन लेकर कमर्शियल साईट काट दी। चूंकि इस सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है, इसलिए यह रास्ता बंद भी होगा। ऐसे में फ्रंट के लालच में जगह खरीदने वाले लोगों को नुकसान का सामना करना पड़ेगा। वे इसको लेकर उपायुक्त कुरुक्षेत्र से मिले हैं, ताकि इस पर रोक लगाई जाए व इस प्रकार का कार्य करने वाले भ-माफिया पर कार्रवाई हो। अशोक अरोड़ा ने कहा कि वे प्रदेश व थानेसर हल्के के मुद्दों को विधानसभा सत्र में उठाएंगें। वे भू-माफिया के इस मुद्दे को भी विधानसभा में उठाएंगें ताकि आम जनता भू-माफिया के चक्कर में न फंसे। अशोक अरोड़ा ने कहा कि चुनाव से पहले प्रदेश के 76 प्रतिशत लोग बीपीएल में चले गए लेकिन चुनाव के बाद 14 लाख बीपीएल कार्ड काट दिए गए।

# नियमित ब्रशिंग से दांतों और मसूड़ों की बीमारियों से बचाव संभव : दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- शिविर में बच्चों को टूथब्रश और टूथपेस्ट नि :शुल्क वितरित किए

डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 3 में दो दिवसीय निशुल्क डेंटल चेकअप कैंप लगाया गया। कैंप के पहले दिन मंगवार को अग्रवाल डेंटल क्लीनिक के प्रभारी चिकित्सक डा. दीपक अग्रवाल, डा. आरूषि पराशर व डा. विशुद्ध नागपाल ने लगभग 500 बच्चों के दांतों का चेकअप किया। अग्रवाल डेंटल क्लिनिक के चिकित्सकों ने बच्चों को मौखिक स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर के दौरान बच्चों को टूथब्रश और टूथपेस्ट निशुल्क वितरित किए गए। दंत चिकित्सकों ने बच्चों को मीठा कम खाने की आदत विकसित करने और हर बार भोजन के बाद मुंह धोने की सलाह दी। साथ ही, डॉ. दीपक अग्रवाल ने बताया कि नियमित ब्रशिंग से दांतों और मसूड़ों की कई बीमारियों से बचाव संभव है। उन्होंने छोटे बच्चों को सही ढंग से ब्रश करने की विधि भी सिखाई ताकि वे शुरूआती उम्र से ही आवश्यक स्वच्छता की आदतें विकसित कर सकें।



### एलएनजेपी अस्पताल को प्रदान की लैब जांच सामग्री

**कुरुक्षेत्र।** लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल में सांस, शुगर से पीड़ति रोगियों के लिए रक्त में मौजूद गैसों एवं बाइकाबोर्नेट की मात्रा की रिपोर्ट अब रोगियों को मिलने लगेगी। इससे सांस से पीड़ति एवं मेटाबॉलिक-रेस्पिरेट्री एसिडोसिस के रोगियों के उपचार में मदद मिलेगी। यह कहना है लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल की कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ.सराह अग्रवाल ने दी। इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों, रोगियों एवं उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि फाइनेंस बैंक द्वारा एलएनजेपी अस्पताल को लगभग 14 लाख रुपये मूल्य की अत्याधुनिक चिकित्सा एवं लैब जांच सामग्री प्रदान की गई हैं।

# नेशनल गोल शॉटबॉल प्रतियोगिता में सतलुज स्कूल का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर हरियाणा की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा विद्यालय, क्षेत्र एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आर. एस. घुम्मन ने जानकारी देते हुए बताया कि गोल शॉट बॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आंध्र प्रदेश के तिरुपति में 3 फरवरी से 5 फरवरी 2026 तक आयोजित सब-जूनियर नेशनल गोल शॉट बॉल प्रतियोगिता में सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं खुशी कक्षा 8वीं, हरमन कौर कक्षा 9वीं तथा लक्ष्मी, सृष्टि एवं सिमरन कक्षा 10वीं ने हरियाणा सब-जूनियर नेशनल टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया और टीम को रजत पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य डॉ. आर. एस. घुम्मन ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, समर्पण और नियमित अभ्यास का परिणाम है। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा खेलकूद के क्षेत्र में विद्यार्थियों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाता है।



### परीक्षा के तनाव से राहत दिलाने के लिए कैंब्रिज वर्ल्ड स्कूल का कुरुक्षेत्र शैक्षणिक भ्रमण

**पिहोवा।** कैंब्रिज वर्ल्ड स्कूल पिहोवा के द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और परीक्षा से पहले उनके मानसिक तनाव को कम करने के उद्देश्य से एक दिवसीय शैक्षणिक कुरुक्षेत्र भ्रमण का आयोजन किया गया। पूरे वर्ष की पढ़ाई के बाद जैसे ही परीक्षाएं नजदीक आती हैं, बच्चों पर मानसिक दबाव बढ़ने लगता है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों को फ्रेश और सकारात्मक माहौल देने के लिए यह विशेष टूर आयोजित किया, ताकि वे बिना किसी तनाव के ताजगी भरे मन से अपनी परीक्षाएं दे सकें। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र स्थित प्रमुख मंदिरों, तीर्थ स्थलों और ज्योतिसर अनुभव केंद्र का दौरा किया। यहां उन्होंने महाभारत कालीन इतिहास, गीता उपदेश स्थली और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को करीब से समझा। चेयरपर्सन महेश तलवार ने बताया कि स्कूल का लक्ष्य केवल पाठ्यक्रम तक सीमित शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना भी है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



# बाल कल्याण समिति अध्यक्ष ने बाल विवाह मुक्ति रथ को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

एमडीडी ऑफ इंडिया, द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह मुक्ति रथ को महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजीव मुदगिल ने हरी झंडी देकर रवाना किया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति सदस्य सौरभ बटला, सोनिया कौशिक और एमडीडी ऑ$फ इंडिया के जिला सहसंयोजक रामलाल सिरसल, स्कूल के अध्यापक वीरेंद्र रावत, अरविंद कुमार, अर्चना सिरोही और सभी बच्चे उपस्थित रहे। आये हुये सभी अतिथियों का प्रिंसिपल प्रतिमा शर्मा ने स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान बाल कल्याण समिति अध्यक्ष, सदस्य और स्कूल के सभी अध्यपकों ने बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प के तहत हस्ताक्षर किए और समाज से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने का आह्वान किया।



### कर्मचारियों के मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए योग सत्र का आयोजन

**लाडवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाडवा ड्यूटी स्थल पर बढ़ते तनाव को कम करने और कर्मचारियों के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत करने हेतू योग सत्र का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से योग शिक्षक कमल किशोर उपस्थित रहे। नेतृत्व डा. कृष्णकांत, प्रवर चिकित्सा अधिकारी सीएचसी लाडवा द्वारा किया गया। डा. कृष्णकांत ने कहा कि योग एक ऐसा माध्यम है जिसे नित्य करने से आप निरोगी रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि दैनिक कार्यों के दबाव व्यस्त दिनचर्या और लगातार कार्य स्थल पर बढ़ते हुए कार्य के कारण स्वास्थ्य कर्मियों को तनाव का सामना करना पड़ता है ऐसे में योग एक सहज प्रभावी और प्राकृतिक तरीका है जो मन और शरीर को पुनर्जीवित करता है। उन्होंने बताया कि केवल कुछ मिनट का योग भी ऊर्जा स्तर बढ़ाने मानसिक शांति प्रदान करने और कार्य क्षमता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। योग सत्र के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्राणायाम, गहरी सांस प्रक्रिया गरदन व कंधे के व्यायाम तथा अन्य योग प्रक्रियाएं की। इस योग सत्र में मुख्य रूप से सूर्य नमस्कार योग पर ज्यादा जोर दिया गया क्योंकि इस योग के अन्तर्गत योग की सभी प्रकार की क्रियाएं हो जाती है।





**थानेसर।** आकाश नगर में आयोजित प्रभात फेरी में आर्शीवचन देते हुए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज।

### प्रभातभेरी में जमकर झूमे श्रद्धालु

**थानेसर।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में श्रीकृष्ण कृपा गौशाला सेवा समिति द्वारा आकाश नगर में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। सुंदर कांड महिला मंडल अकाश नगर द्वारा आयोजित इस प्रभात फेरी में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रभु के नाम का स्मरण किया। भजन रसिकों ने जब भक्तों के घर भी सांवरे आते रहा करो.......भजन गाया तो श्रद्धालुओं ने इस भजन पर नृत्य करते हुए झूम -झूम कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने अपने आर्शीवचन में नाम स्मरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रभात वेला में किया गया नाम स्मरण अत्यंत श्रेष्ठ होता है तथा सामूहिक रुप से नाम जप करने से उसका पुण्य एवं प्रभाव और अधिक बढ़ जाता है। इस अवसर पर श्री कृष्ण कृपा गौशाला सेवा समिति के प्रधान सुनील वत्स, जीओ गीता कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ. ऋषिपाल, राजेंद्र चोपड़ा, नरेश मोगिंया, हंसराज सिंगला, विजय नरूला, नवीन भारद्वाज, अशोक अरोड़ा, पवन भारद्वाज, धर्मपाल शर्मा, तरूण धमीजा, संजय आहूजा, दीपक आहूजा, रामकुमार, रमाकांत, जय भगवान, सुरेन्द्र, फतेह चंद गांधी, अनिल शर्मा, सुशील खुराना, राजीव बंसल, जोगिन्द्र शर्मा, आचार्य अमित पाण्डेय सहित अनेक गणमान्य श्रद्धालुओं ने प्रभात फेरी में भाग लिया।

## धर्म-कर्म | व्रत करने से मनुष्य को सुख सौभाग्य की होगी प्राप्ति

इसी दिन भगवान शिव और देवी पार्वती का हुआ था विवाह

# महाशिवरात्रि पर सर्वार्थसिद्ध योग व श्रवण नक्षत्र का महासंयोग : रामराज कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

महाशिवरात्रि हर साल फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। इस त्योहार का हिंदू धर्म में बहुत खास महत्व है। मान्यता है कि इसी दिन शिवजी और देवी पार्वती का विवाह हुआ था। भोलेनाथ ने फाल्गुन मास के चतुर्दशी तिथि को वैराग्य त्याग कर वैवाहिक जीवन को अपना लिया था। ऐसे में महाशिवरात्रि पर शिवजी की पूजा, अभिषेक और व्रत करने से मनुष्य को सुख सौभाग्य की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही, मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और दांपत्य जीवन सुखद बना रह सकता है। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र ब्रह्मसरोवर के संचालक पंडित रामराज कौशिक ने बताया कि फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि का आरंभ 15 फरवरी, रविवार के दिन शाम को 5 बजकर 5 मिनट पर होगा। वहीं, अगले दिन यानी 16 फरवरी, सोमवार को शाम के 5 बजकर 35 मिनट चतुर्दशी तिथि व्याप्त होगी। शास्त्रों के अनुसार, जिस रात में निशीथ काल में चतुर्दशी तिथि का संयोग बनता है उसी दिन शिवरात्रि मनाई जाती है। ऐसे में महाशिवरात्रि का व्रत और पूजा करना 15 फरवरी को ही शास्त्र सम्मत रहेगा।

### महाशिवरात्रि पूजा विधि

पंडित रामराज कौशिक ने बताया कि व्रती को महाशिवरात्रि के दिन सबसे पहले ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नानादि कर लेना चाहिए। इसके बाद, साफ वस्त्र धारण करें और व्रत का संकल्प लें।अपने घर के मंदिर में एक चौकी पर लाल या पीले रंग का साफ वस्त्र बिछाएं। इसके पश्चात, उस पर भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करें।अपने चारों ओर गंगाजल का छिड़काव करें। फिर, शिवजी और माता पार्वती को वस्त्र अर्पित करें।महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव का अभिषेक जरूर करना चाहिए। इसके बाद, विधि विधान से शिवजी और मां पार्वती की पूजा अर्चना करें।भोलेनाथ को बेलपत्र, धतूरा, आक के पत्ते आदि जरूर अर्पित करना चाहिए। साथ ही, पूरे शिव परिवार को भी वस्त्र अर्पित करें।सुहागिन महिलाओं को शिवरात्रि के दिन श्रृंगार का समान माता पार्वती को अर्पित करना चाहिए। ऐसा करने से बेहद शुभ फल की प्राप्ति होती है।महाशिवरात्रि पर सुबह और शाम दो समय शिव परिवार की पूजा करने चाहिए। साथ ही, मन में सुख समृद्धि के कामना करें।



पंडित रामराज कौशिक।

### महाशिवरात्रि पर शुभ मुहूर्त

अबकी बार महाशिवरात्रि पर शिव पूजा का शुभ मुहूर्त शाम में श्रवण नक्षत्र के शुभ संयोग में होगा। मान्यता है कि श्रवण नक्षत्र में शिव पूजन करना अत्यंत उत्तम होता है। पंचांग के अनुसार, 15 फरवरी रविवार को रात में 7 बजकर 48 मिनट तक उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रहेगा, उपरांत श्रवण नक्षत्र शुरू हो जाएगा। इस बार सर्वार्थ सिद्धि योग में शिव पूजन का महासंयोग बन रहा है। ऐसे में इस दिन शाम को शिवजी और माता पार्वती की पूजा करने से अत्यंत शुभ फल की प्राप्ति हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### लूट के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-2 ने मिर्ची पाउडर डालकर चाकू से घायल करके लूट की वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी को काबू कर लिया है। निर्मल विहार के संजीव ने 12 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई कि 11 मई 2025 को प्रीत नगर कॉलोनी के पास आरोपियों ने उस पर मिर्ची पाउडर डाला और चाकू मार कर उससे लगभग 4 लाख रूपये लूट कर फरार हो गए है। सीआईए-2 पुलिस ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसे एक दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी की पहचान शुभम के रूप में हुई है।

### धोखाधड़ी करने का आरोपी रिमांड पर

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपये हड़पने वाले आरोपी को नई मुंबई से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मंजीत सिंह के रूप में हुई है। अंबाला शहर के रहने वाले सुलतान सिंह की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 5 लाख रूपये की राशि हड़प ली, न तो उसे विदेश भेजा और न ही उसके पैसे वापिस किए। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को काबू किया है।

### मारने की धमकी देने वाले दो आरोपी पकड़े

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। सामान के पैसे मांगने पर फोन के माध्यम से जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 9 फरवरी 2026 को पुलिस टीम ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी राहुल और शुभम को गिरफ्तार किया । दोनों आरोपी जिला फरीदकोट (पंजाब) के रहने वाले बताए जा रहे हैं। परिवादी गुरप्रीत सिंह ने 29 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने उससे सामान लिया था लेकिन उसके पैसे नहीं चुकाए थे। जब गुरप्रीत सिंह ने अपने पैसों की मांग की, तो आरोपियों ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी। इस शिकायत पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### दीपक राणा महासचिव इंचार्ज नियुक्त किए

**शहजादपुर।** कांग्रेस पार्टी ने संगठन में विस्तार करते हुए दीपक राणा को महासचिव इंचार्ज (अंबाला) नियुक्त किया है। पार्टी हाईकमान के इस फैसले से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। राणा ने कांग्रेस हाईकमान सहित प्रदेश के दिग्गज नेताओं प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष चौधरी रामकिशन गुज्जर, सांसद वरूण चौधरी, विधायक शैली चौधरी, जिला अध्यक्ष अंबाला ग्रामीण दुष्यंत चौहान का आभार व्यक्त किया। कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर पूरी ईमानदारी से खरा उतरेंगे। नवनियुक्त महासचिव ने कहा कि पार्टी ने उसे जो जिम्मेदारी दी है ईमानदारी से वे उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे।

## अनिल विज बोले: हम विकास पर केंद्रित, ग्रामीण क्षेत्रों का होगा कायाकल्प

# अंबाला छावनी के नौ गांवों में विकास की बयार, 5 करोड़ की 56 विकास योजनाएं मंजूर

**विकास कार्य होने से चमकेगी गांवों की तस्वीर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी विधानसभा के सभी नौ गांवों में करोड़ों रुपये की लागत से विकास कार्यों की बयार बहेगी। राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के विभिन्न कार्यों एवं सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए पांच करोड़ रुपये राशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्री अनिल विज ने बताया कि विकास कार्यों को कराने के लिए पंचायती राज विभाग द्वारा रूपरेखा तैयार कर ली गई है और अब राशि स्वीकृत होने पर बहुत जल्द इन कार्यों प्रारंभ कराया जाएगा ताकि जनता को इनका सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि पांच करोड़ रुपए की राशि से छावनी विधानसभा के सभी नौ गांवों में स्ट्रीट लाइट, पक्के नाले व नालियां, विभिन्न सड़कों, धर्मशालाओं, आरसीसी बेंच, गलियों का निर्माण, अलग-अलग गांवों में तालाब किनारे रिटेनिंग वॉल, शेड, शमशानघाटों में पक्के फ्लोर, धर्मशालाओं व कम्यूनिटी हॉल में सुधार व निर्माण, गऊ घाट व आंगनवाड़ी का निर्माण तथा अलग-अलग स्थानों पर सौंदर्यकरण सहित अन्य विकास कार्य शामिल है। स्वीकृत राशि से गांव पंजोखरा सबसे ज्यादा 25 अलग-अलग विकास कार्य होंगे। विज ने बताया कि ग्रामीण अंचलों में विकास कार्य करवाने के वह कृत संकल्प है और इससे पहले भी ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों रुपए की लागत से विकास कार्यों को करवाया गया है जिसका जनता को लाभ मिल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि नए कार्यों के होने से जनता की सुविधाओं में और इजाफा होगा। उन्होंने बताया कि विधानसभा के गांव गरनाला, पंजोखरा साहिब, टुंडली, खतौली, जनेतपुर, बरनाला, ब्राह्मण माजरा, धनकौर व बाड़ा गांव में 55 से ज्यादा विकास कार्यों को कराने के लिए पांच करोड़ रुपए की राशि जारी हुई है।


मंत्री अनिल विज

## इन गांवों के लिए मिली मंजूरी

### गांव पंजोखरा साहिब

पंजोखरा साहिब में 79 लाख रुपए की लागत से फिरनी के साथ नाले का निर्माण, 4.50 लाख रुपए की लागत से नारायणगढ़ रोड के निकट पक्की सड़क, 10 लाख रुपए की लागत से कुटिया के निकट पक्की सड़क, 14.26 लाख रुपए की लागत से कश्यप धर्मशाला का निर्माण, 2.62 लाख रुपए की लागत से कुटिया से अमर सिंह के घर तक पक्की सड़क, 12.87 लाख रुपए की लागत से कुलवंत सिंह की दुकान से सीताराम के निवास तक पक्की गली का निर्माण, 5 लाख की लागत से तोपखाना रोड से नाली व गली का निर्माण, 5.69 लाख रुपए की लागत से जड़ौत रोड से रिंग रोड तक पक्का रास्ता, 3.41 लाख रुपए की लागत से शमशेर सिंह के निवास से सुरेंद्र सिंह निवास तक जड़ौत रोड तक पक्का रास्ते का निर्माण होगा। इसी तरह 1.71 लाख रुपए की लागत से ट्यूबवेल से सुरेंद्र सिंह निवासी तक पक्की सड़क, 2.30 लाख रुपए की लागत से खतौली रोड से मामचंद निवास तक पक्का रास्ता, 3.55 लाख रुपए की लागत से पंजोखरा साहिब से खतौली रोड किनारे टाइलें लगाई जाएंगी। इसी प्रकार गांव पंजोखरा साहिब में 5.78 लाख रुपए की लागत से लोगों के बैठने के लिए विभिन्न स्थानों पर 100 आरसीसी बेंच लगाए जाएंगे।इसी प्रकार 4.98 लाख रुपए की लागत से जनरल श्मशान घाट में फ्लोरिंग तथा 12.40 लाख रुपए की लागत से एजेंल स्कूल के निकट रोड किनारे पक्के नाले का निर्माण होगा।

### गांव जनेतपुर

14.26 लाख रुपए की लागत से जनरल चौपाल का निर्माण होगा, 89 हजार की लागत से कब्रिस्तान की दीवार बनेगी, 14.15 लाख रुपए की लागत से आंगनवाड़ी बनेगी, 1.25 लाख की लागत से इंटरलाकिंग रोड बनेगी, रामपाल निवास से गुरदीप सिंह निवास तक 1.56 लाख की लागत से गली बनेगी जबकि 31.15 लाख रुपए की लागत से तालाब की रेनोवेशन की जाएगी। गांव बरनाला में 11.26 लाख रुपए की लागत से श्मशान घाट के गेट व शेड का निर्माण होगा, 4.83 लाख रुपए की लागत से कम्यूनिटी हाल व लंगर हाल में निर्माण कार्य होगा, 9.76 लाख की लागत से वाल्मीकि मंदिर के निकट शेड का निर्माण होगा, 1.73 लाख की लागत से रोड व आरसीसी बेंच गुगा माडी के निकट लगाए जाएंगे जबकि 24.03 लाख रुपए की लागत से राजा गार्डन कालोनी में ड्रेन व नाले का निर्माण होगा।

### गांव ब्राह्मण माजरा

1.81 लाख की लागत से पक्के रास्ते का निर्माण होगा। इसी तरह 9.64 लाख की लागत से कश्यप चौपाल रोड के निकट सौंदर्यकरण का कार्य होगा। गांव धनकौर में 4 लाख रुपए की लागत से कम्युनिटी हॉल की फ्लोरिंग पेंटिंग व बाउंड्री वॉल का निर्माण होगा तथा 46.26 लाख रुपए की लागत से तालाब किनारे रिटेनिंग वॉल का निर्माण तथा तालाब की रेनोवेशन होगी।

### गांव बाडा

25 लाख रुपए की लागत से पार्क के निकट कम्यूनिटी सेंटर का निर्माण होगा, इसी तरह 15 लाख रुपए की लागत से अंबेडकर भवन के निकट रिटेनिंग वॉल व सौंदर्यकरण का कार्य होगा, 15 लाख रुपए की ही लागत से एएचडब्ल्यूसी के नए कमरों का निर्माण होगा। 11.95 लाख रुपए की लागत से बाडा से धुराली रोड पर रोड निर्माण व सौंदर्यकरण का कार्य होगा। इसी तरह 5.99 लाख की लागत से हरैन बस्ती के निकट रोड का निर्माण, 6.50 लाख की लागत से पंचायती तालाब के निकट गऊ घाट का निर्माण, 11.97 लाख की लागत से बाडा से ठरवा तक रोड निर्माण व सौंदर्यकरण का कार्य किया जाएगा जबकि 14 लाख रुपए की लागत से नए आंगनवाड़ी सेंटर तथा 20 लाख रुपए की लागत से हरिजन बस्ती से हरनेक सिंह के खेत तक नाले का निर्माण किया जाएगा।

## कपड़ा मार्केट में 55 लाख से सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ

***व्यापारियों और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी,दुकानदारों ने पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल का जताया आभार***

- अंबाला शहर आने वाले समय में विकास का एक मजबूत मॉडल बनकर उभरेगा

**अंबाला।** अंबाला शहर लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दूरदर्शी नेतृत्व और पूर्व परिवहन मंत्री असीम गोयल के निरंतर प्रयासों से शहर में बुनियादी सुविधाओं को सशक्त किया जा रहा है। इसी कड़ी में अंबाला शहर की कपड़ा मार्केट को नई सड़क की सौगात दी गई। करीब 55 लाख रुपये की लागत से शुक्ल कुंड रोड का निर्माण किया जाएगा जिससे क्षेत्र के व्यापारियों और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। यह सड़क आरएमसी से बनाई जाएगी जिससे इसकी गुणवत्ता और मजबूती लंबे समय तक बनी रहेगी। सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत आज विधिवत रूप से की गई। इस अवसर पर भाजपा नेता रितेश गोयल, कपड़ा मार्केट के दुकानदार और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। कपड़ा मार्केट के दुकानदारों ने कहा कि लंबे समय से सड़क की खराब हालत के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने इस मांग को गंभीरता से लेने और शीघ्र समाधान कराने के लिए पूर्व मंत्री असीम गोयल का आभार व्यक्त किया। दुकानदारों ने कहा कि यह सड़क न केवल व्यापार को गति देगी, बल्कि आम जनता के लिए भी आवागमन को सुगम बनाएगी। स्थानीय लोगों ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और असीम गोयल के नेतृत्व में अंबाला शहर आने वाले समय में विकास का एक मजबूत मॉडल बनकर उभरेगा।

# प्रदेश में नफरत और विभाजन की राजनीति हावी: सिंह

- सद्भाव यात्रा ने कस्बे में किया प्रवेश, पगड़ी पहनाकर अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भभाव यात्रा मंगलवार को यहां पहुंची। बृजेंद्र सिंह की यह यात्रा 49वें हल्के में प्रवेश कर गई । यात्रा का कांग्रेस कार्यकर्ताओं, स्थानीय नेताओं और आम लोगों ने फूल-मालाओं और नारों के साथ जोरदार स्वागत किया। सद्धभाव यात्रा का शुभारंभ माता बाला सुंदरी मंदिर में माथा टेकने के उपरांत हुआ। यह यात्रा माता बाला सुंदरी मंदिर से शुरू होकर शहीद भगत सिंह चौक, मुलाना बाजार से होती हुई सर छोटूराम चौक पर पहुंची जहां उन्होंने सर छोटू राम की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। इसके बाद सद्धभाव यात्रा दोसडका होली चौक, बराड़ा ,मौजगढ़ से होती हुई सोहाना में संपन्न हुई। यहां आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते बृजेंद्र सिंह ने कहा कि सद्धभाव यात्रा का मकसद समाज को जोड़ना, भाईचारे को मजबूत करना और हर वर्ग को साथ लेकर चलना है। कहा कि प्रदेश में नफरत और विभाजन की राजनीति हावी करने की कोशिश की जा रही है। जनता अब ऐसी राजनीति को नकार रही है। उन्होंने सत्ताधारी पक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता को झूठे वादों से नहीं, बल्कि विकास, रोजगार और सामाजिक न्याय से मतलब है। उन्होंने आगे कहा कि 49वें हल्के की जनता ने जिस तरह सद्धभाव यात्रा को समर्थन दिया है, उस से कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी ।



### आएं या न आएं, अब फर्क नहीं पड़ता

स्थानीय विधायक व सांसद के यात्रा में शामिल न होने के सवाल पर चौधरी बृजेंद्र सिंह ने बेबाक अंदाज में कहा कि अब कोई मेरी यात्रा में आए या न आए, इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं इससे बहुत आगे निकल चुका हूं। चुटकी लेते हुए कहा कि आप लोग पूछ रहे हैं कि वे शामिल क्यों नहीं हुए लेकिन जब वे शामिल होंगे तो यही सवाल होगा कि वे कैसे आ गए। यात्रा के दौरान चौधरी बृजेंद्र सिंह ने माता बाला सुंदरी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर माथा टेका। मंदिर परिसर में दर्शन के दौरान उन्होंने मंदिर के इतिहास और धार्मिक महत्व को लेकर गहरी जिज्ञासा व्यक्त की। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी और स्थानीय श्रद्धालुओं ने उन्हें माता बाला सुंदरी मंदिर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, मान्यताओं और क्षेत्र में इसकी विशेष आस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी। धार्मिक स्थल पर उनकी मौजूदगी को सामाजिक और सांस्कृतिक जुड़ाव के संदेश के तौर पर देखा गया यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में लोग गुलाबी पगड़ियां पहनकर शामिल , जिसने पूरे आयोजन को अलग पहचान दी।



**बराड़ा।** प्रतियोगिता में विजेता रहे स्टूडेंट्स।

### अजय हाउस बना विजेता

**बराड़ा।** अकाल अकादमी होली में सामाजिक विज्ञान विभाग के मार्गदर्शन में डिस्कवरी प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञान की खोज की भावना विकसित करना, तार्किक सोच को सुदृढ़ करना तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना रहा। प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न हाउसों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें सामान्य ज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं खोज-आधारित प्रश्नों से जुड़े कई रोचक चरण शामिल किए गए। प्रतिभागियों ने उत्साह, आत्मविश्वास और सूझ-बूझ का शानदार प्रदर्शन किया। कड़ी और रोमांचक प्रतिस्पर्धा के बाद अभय हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीमवर्क और विषयों की गहरी समझ के कारण अजय हाउस विजेता बना। विद्यालय प्रशासन ने सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता की सराहना करते शिक्षकों व विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा की।

# ई-स्पोर्ट्स को अधिकारिक खेल का दर्जा दे केंद्र, ऑनलाइन गेमिंग के लिए भी नियामक ढांचा तैयार करने की मांग रखी

- जीरो ऑवर्स में राज्यसभा में सांसद कार्तिकेय शर्मा ने उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

राज्यसभा में जीरो ऑवर्स के दौरान सांसद कार्तिकेय शर्मा ने मंगलवार को सरकार से ई-स्पोर्ट्स को आधिकारिक खेल का दर्जा देने और ऑनलाइन गेमिंग के लिए एक व्यापक नियामक ढांचा तैयार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह विषय केवल मनोरंजन से जुड़ा नहीं है, बल्कि युवा रोजगार, डिजिटल अर्थव्यवस्था और बच्चों की सुरक्षा से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। इलेक्ट्रॉनिक गेमिंग को संभावनाओं और जोखिमों से भरा डिजिटल फ्रंटियर बताते हुए शर्मा ने कहा कि देश की ऑरेंज इकोनॉमी अब कोई हाशिए का क्षेत्र नहीं रही है। देश की क्रिएटिव इकोनॉमी का वर्तमान आकार लगभग 30 अरब अमेरिकी डॉलर है। यह देश की करीब 8 प्रतिशत कार्यशील आबादी को रोजग़ार प्रदान कर रही है। यह क्षेत्र सरकार के 1 ट्रिलियन डॉलर डिजिटल अर्थव्यवस्था के लक्ष्य का एक अहम आधार बन चुका है। उन्होंने बताया कि देश दुनिया का सबसे बड़ा गेमिंग ऑडियंस है। यहां 50 करोड़ से अधिक अमेच्योर गेमर्स और लाखों प्रोफेशनल खिलाड़ी मौजूद हैं। भारत का गेमिंग बाज़ार, जिसकी मौजूदा वैल्यू 3.7 अरब अमेरिकी डॉलर है। 2030 तक 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इसके साथ ही एवीजीसी सेक्टर में 2030 तक लगभग 20 लाख कुशल पेशेवरों की आवश्यकता होगी। इन आंकड़ों का हवाला देते हुए शर्मा ने कहा कि इस तेजी से बढ़ते क्षेत्र को संरचित दिशा देने के लिए ई-स्पोर्ट्स को आधिकारिक खेल का दर्जा दिया जाना आवश्यक है। इससे प्रोफेशनल लीग्स, मान्यता प्राप्त प्रतियोगिताएं और संगठित प्रशिक्षण तंत्र विकसित होंगे। युवाओं के लिए वैध और सम्मानजनक करियर विकल्प तैयार होंगे। हालांकि, उन्होंने अनियंत्रित शौकिया ऑनलाइन गेमिंग से उत्पन्न हो रही गंभीर चुनौतियों पर भी कड़ा रुख अपनाया।


राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा

# सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक : एएसआई

- "सड़क सुरक्षा जागरूकता" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में रोड सेफ़्टी क्लब द्वारा "सड़क सुरक्षा जागरूकता" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. नवनीत कौर रहीं। कार्यक्रम के शुभारंभ पर प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क ने सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्य और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने परिजनों व संबंधियों को भी नियमों के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को यातायात नियमों के पालन का संकल्प भी दिलवाया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एएसआई मान सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। हेलमेट व सीट बेल्ट पहनने, ट्रैफिक सिग्नल व स्पीड लिमिट का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, चलाते समय फोन का उपयोग न करें।



**बराड़ा।** मुख्य वक्ता को सम्मानित करते हुए कॉलेज स्टाफ।

### डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में संजना अव्वल

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय कॉलेज में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्य डॉ शमशेर सिंह ने शिरकत की। प्रतियोगिता में छात्र व छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। विजेता खिलाड़ियों को कॉलेज प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में महिला वर्ग में डिस्कस थ्रो में संजना ने प्रथम, संतोषी ने द्वितीय तथा काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जैवलिन थ्रो में प्रिया प्रथम, काजल द्वितीय व संतोषी तृतीय रहीं। शॉटपुट स्पर्धा में काजल ने प्रथम, आरती ने द्वितीय तथा सोनिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। 1500 मीटर दौड़ (महिला) में संजना प्रथम, जॉन्सी द्वितीय व आरती तृतीय रही। 800 मीटर दौड़ (महिला) में भी संजना ने प्रथम, जॉन्सी ने द्वितीय तथा आरती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में शॉटपुट में विशाल प्रथम, विनय द्वितीय व अमय तृतीय रहे। डिस्कस थ्रो में विशाल ने प्रथम, मनदीप ने द्वितीय तथा ईशांत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## गुदगुदी जंक्शन समूह ने किया कार्यक्रम अंदाज-ए-जगजीत में गजलकारों ने जमाया रंग

# जगजीत सिंह का नाम लोकप्रिय गजल गायकों में शुमार: सीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा अंबाला छावनी के एसडी कॉलेज के सेमिनार हॉल में सांय गजल कार्यक्रम अंदाज-ए-जगजीत आयोजित किया गया। कार्यालय प्रभारी मंदीप शर्मा ने बताया कि गजल सम्राट स्वर्गीय जगजीत सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में करवाए गए भव्य गजल कार्यक्रम में कई मौजिज हस्तियों के अलावा अन्य शहरों से भी गजलों के शौकीनों ने शिरकत की। कार्यक्रम के शुरू से अंत तक सभी श्रोताओं ने गजलों का लुत्फ लिया। कुरुक्षेत्र से संरक्षक जितेंद्र बंसल की सरपरस्ती में अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड सहित अंबाला छावनी प्रभारी राकेश आहुजा, वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ. संजय गौतम, सुरेंद्र धीमान और इंद्र परूथी ने मुख्यातिथि एसडी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अलका शर्मा, अति विशिष्ट अतिथि मशहूर शायर नफस अंबालवी और विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध उद्यमी सीमा सागर को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना करके दीप प्रज्वलित किया। गौड़ ने सभी अतिथियों का परिचय देकर गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा लगातार 6 वर्षों से विभिन्न नगरों में करवाए जा रहे कार्यक्रमों का विवरण दिया। मंच संचालक राकेश आहुजा ने सभी गजलकारों की खूबियां बताई।


**अंबाला।** कार्यक्रम के दौरान मौजूद मशहूर गजलकार।

### होठो से छू लो तुम मेरा गीता अमर कर दो.....

कार्यक्रम में 7 गजलकारों ने जगजीत सिंह की दिलकश गजलों का गुलदस्ता पेश किया जिनमें सुरेंद्र धीमान ने झुकी झुकी सी नजर..., इंद्र परूथी ने होठो से छू लो तुम मेरा गीता अमर कर दो..., सीमा सागर ने गम का खजाना तेरा भी है, मेरा भी..., राकेश आहुजा ने तेरे आने की जब खबर महके ..., अरूण थापर ने ₹तुम इतना जो मुस्करा रहे हो ₹... और विजय थापर ने ₹होश वालो को खबर क्या बेखुदी क्या चीज है ₹... सुनाकर समां बांधा। श्रोताओं की फरमाइश पर सीमा सागर, राकेश आहूजा और इंद्र परुथी ने अन्य गजलें भी सुनाई जिन्हें सुनकर गजलों के शौकीन वाह वाह कर उठे। नफस अंबालवी ने एक शेर अर्ज करते कहा कि ₹मिले किसी से नजर तो समझो गजल हुई, रहे न अपनी खबर तो समझो गजल हुई। सीमा सागर ने कहा कि जगजीत सिंह का नाम बेहद लोकप्रिय गजल गायकों में शुमार हैं। उनका संगीत अंत्यंत मधुर है। उनकी आवाज़ संगीत के साथ खूबसूरती से घुल-मिल जाती है। खालिस उर्दू जानने वालों की मिल्कियत समझी जाने वाली, नवाबों-रक्कासाओं की दुनिया में झनकती और शायरों की महफ़िलों में वाह-वाह की दाद पर इतराती ग़ज़लों को आम आदमी तक पहुंचाने का श्रेय अगर किसी को पहले पहल दिया जाना हो तो जगजीत सिंह का ही नाम ज़ुबां पर आता है।